लेकर के अवतार,
जरा अब जल्दी आ जाओ,
सांवरिया सरकार,
जहाँ भी देखो,
आज वहीँ पे छाया सन्नाटा,
दुखी हुआ संसार।।

तर्ज नफरत की दुनिया।

फैली है दुनिया में,
कैसी ये बीमारी,
सब कैद है घर में,
देखो ये लाचारी
जहाँ भीड़ हमेशा रहती थी,
वहां कोई नहीं दिखता,
ऐसी कोरोना की मार,
सांवरिया सरकार।।

अब और दुःख बाबा,
हम सह ना पाएंगे,
तुम से जुदा होकर,
हम रह ना पाएंगे,
क्यों रूठ गए हमसे बाबा,
जो बैठ गए करके,
मंदिर के बंद द्वार,

सांवरिया सरकार।।

तेरे भीमसेन को तो,
विश्वास है तुम पर,
इतनी सी कृपा बस,
कर देना हम सब पर,
हर भक्त तेरा खुशहाल हो,
ये विनती राधिका की,
कर लेना स्वीकार,
सांवरिया सरकार।।

लेकर के अवतार,
जरा अब जल्दी आ जाओ,
सांवरिया सरकार,
जहाँ भी देखो,
आज वहीँ पे छाया सन्नाटा,
दुखी हुआ संसार।।

Singer Radhika Sharma

Source:
https://www.bharattemples.com/lekar-ke-avtar-jara-ab-jaldi-aa-jao-sawariya-sarkar/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw